सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 184 | जौनपुर, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़

नोएडा(संवाददाता)।सेंट्रल नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुआ। पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया। बिसरख पुलिस सोफिया नर्सरी के सामने तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक ऑटो में तीन संदिग्ध ा दिखाई दिए। रुकने का इशारा करने पर वे नहीं रुके और एटीएस गोल चक्कर की तरफ भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने डबल पुलिया के पास ऑटो छोड़कर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान बुलंदशहर के खुर्जानगर के देवीधाम कालोनी निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई। कॉम्बिंग में पकड़े गए अन्य दो बदमाशों में कन्नौज के रोहित और मैनपुरी के अजय शामिल हैं। बदमाशों से एक देसी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, 10 हजार रुपये और चोरी का सामान बरामद हुआ। घटना में प्रयुक्त ऑटो भी जब्त किया गया। डीसीपी शक्ति अवस्थी के अनुसार, पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे खाली पड़े घरों की रेकी कर रात में चोरी करते थे। घायल बदमाश सुरेंद्र के खिलाफ बुलंदशहर, मेरठ और गौतमबुद्धनगर में चोरी और लूट के मामले दर्ज हैं।

### एनएच-719 पर डंपर से टकराई तेज रफ्तार कार,दूल्हे के भाई समेत तीन की मौत

उरई/जालौन(संवाददाता)। भिंड जिले के मेहगांव क्षेत्र में नेशनल हाईवे-719 पर एक सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। मेहगांव पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया है। वहीं दो घायलों को उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। हादसा बुधवार-गुरुवार की रात 1 बजे के बाद हुआ। जानकारी के अनुसार मुताबिक मृतक आकाश के छोटे भाई विकास की शादी थी, कल मंडप था। मंडप के बाद देर रात आकाश राठौर (25), मंगल राठौर (26), उमेश राठौर, धीरज राठौर (20) और सुनील कार से कही जाने के लिए निकले थे। तब ही बरहद के नजदीक उनकी तेज रफ्तार कार की सड़क किनारे खड़े डंपर से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दूल्हे के भाई आकाश समेत मंगल और उमेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि धीरज और सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए। एसडीओपी संजय कोच्छा के अनुसार, यह दुर्घटना देर रात की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का पंचनामा तैयार किया।

### मां-बेटी की संदिग्ध मौत

उरई/जालौन(संवाददाता)। जालौन में मां और बेटी की संदिग्ध ा परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना सबसे पहले महिला के सास-ससुर ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में दोनों की मौत जहर से होने की बात सामने आई है। पुलिस ने मां-बेटी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के अजनारी रोड रेलवे क्रॉसिंग स्थित रामनगर की है। बताया गया कि यहां के रहने वाले अश्विनी कुमार की 30 वर्ष की पत्नी प्रियंका तथा 5 वर्षीय पुत्री प्रिंसेस का घर में शव मिला है। घर में शव मिलने की जानकारी महिला के सास-ससुर ने पुलिस को दी। शव मिलने की जानकारी मिलते ही उरई क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी मौके पर पहुंचे।

# गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में योगी सरकार करेगी मदद, बजट में 200 करोड़ का प्रावधान

## यूपी बजट 2025



(संवाददाता)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। गुरुवार को विधानसभा में प्रस्तुत किया गया बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ 06 लाख रुपये है जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। इस बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने वृद्धजन, किसान, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए बजट आवंटित किया है।

### बजट में पिछड़े वर्गों के विकास को दी गई प्राथमिकता

बजट में पिछड़े वर्गों के विकास को भी प्राथमिकता दी गई है। पिछड़ा वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत 2825 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, पिछड़े वर्ग के निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलाने हेतु 35 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई है। इससे प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

### दिव्यांगजन सशक्तिकरण की दिशा में योगी सरकार का बड़ा कदम

योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के लिए 1424 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं, शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र आदि खरीदने के लिए 35 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। इसके अलावा, दिव्यांग व्यक्तियों को बीमारी के इलाज हेतु अनुदान योजना के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। छोटे बच्चों के विकास को ध्यान में रखते हुए 03 से 07 वर्ष के श्रवणबाधित, मानसिक मंदित तथा दृ ष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों के फ्री-स्कूल रेडीनेस के लिए 18 मण्डलीय जनपदों में शबचपन डे केयर सेंटर्सश का संचालन किया जा रहा है।

### अल्पसंख्यकों के विकास के लिए विशेष बजट का आवंटन

प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान के लिए इस बजट में 1998 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए 365 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे समाज के इस वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

### वृद्धजनों के पेंशन के लिए बजट में 8105 करोड़ रुपये की व्यवस्था

योगी सरकार ने समाज के वरिष्ठ नागरिकों और किसानों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दे रही है। इस योजना के लिए बजट में 8105 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इससे प्रदेश के लाखों वृद्धजनों और किसानों को राहत मिलेगी। इसके अलावा, कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता देने के लिए षमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाष को और मजबूती दी गई है, जिसके लिए 550 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति के निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु 100 करोड़ रुपये और सामान्य वर्ग के निर्धन परिवारों की पुत्रियों के विवाह अनुदान योजना के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा, वृद्ध एवं अशक्त व्यक्तियों के लिए आवासीय गृह संचालित करने हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता प्रदान करने के लिए 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु 968 करोड़ रुपये की व्यवस्था शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विभिन्न वर्गों के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं में भारी निवेश किया है। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु 968 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं, सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए इसी योजना के तहत 900 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए भी शिक्षा को लेकर सरकार ने प्रतिबद्धता दिखाई है। इनके लिए पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु 6 करोड़ रुपये की राशि तय की गई है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान षीएम-जनमनष के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के समग्र विकास किया जाना है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारम्भ प्रधानमंत्री द्वारा 02 अक्टूबर, 2024 को किया गया है। योजना का उद्देश्य देशभर में 63,000 से अधिक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा आकांक्षी जनपदों के जनजातीय ग्रामों को 18 विभागों के कार्यक्रमों से संतृप्त किया जाना है।

## विश्वास है, रेखा गुप्ता दिल्ली के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी : मोदी

(एजेन्सी)

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने विस्तृत अनुभव के साथ केंद्र शासित प्रदेश के विकास के लिए पूरी शक्ति से काम करेंगी। मोदी ने श्रीमती गुप्ता (50) को मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "श्रीमती रेखा गुप्ता जी को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, राज्य संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय



रहीं और अब विधायक के साथ-साथ मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वह दिल्ली के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी। उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।" रेखा गुप्ता को आज मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गयी। वह दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री हैं। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रणह समारोह में प्रधानमंत्री मोदी भी उपस्थित थे।

## दिल्ली मुख्यमंत्री का पद संभालते ही एक्शन मोड में मैडम सीएम रेखा गुप्ता, कैबिनेट को दिया मास्टर प्लान

(एजेन्सी) नयी दिल्ली। दिल्ली को नई मुख्यमंत्री मिल गई है। रेखा गुप्ता ने आज रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ कैबिनेट के अन्य मंत्रियों दृ प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और पंकज सिंह ने भी शपथ ग्रहण किया। मुख्यमंत्री बनते ही रेखा गुप्ता



एक्शन मोड में आ गई हैं। उन्होंने आज ही दिल्ली कैबिनेट की पहली बैठक बुलाई है। दोपहर तीन बजे वह दिल्ली सचिवालय पहुंचकर कामकाज शुरू करेंगी। इसके बाद शाम पांच बजे वह यमुना बाजार के वासुदेव घाट का दौरा करेंगी और शाम सात बजे दिल्ली सचिवालय में कैबिनेट की पहली मीटिंग करेंगी। कैबिनेट के नए मंत्री सबसे पहले यमुना की स्थिति का जायजा लेंगे और फिर कैबिनेट बैठक में हिस्सा लेंगे। रेखा गुप्ता की सरकार के पहले फैसले क्या होंगे, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं।

## ये बजट नहीं बढ़ा ढोल है जिसमें आवाज बहुत है लेकिन अंदर कुछ नहीं है, झोला खाली है : अखिलेश यादव

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के चौथे बजट को गुरुवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विध ानसभा में पेशा किया। 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये (8,08,736.06 करोड़ रुपये) के बजट में सरकार ने मिडिल क्लास, युवा, छात्राओं, किसान और महिलाओं के लेकर कई घोषणाएं की, लेकिन मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने बजट को जीरो नंबर दिए। बता दें कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज पेश किये गए बजट को योगी सरकार का आखिरी बजट बताते हुए 2027 में सपा सरकार बनाने का दावा तक ठोक दिया। उन्होंने कहा कि ये बजट नहीं बढ़ा ढोल है जिसमें आवाज बहुत है लेकिन अंदर कुछ नहीं है, झोला खाली है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट देखकर खुद भाजपा के मंत्रियों के गले सुख गए हैं, क्योंकि मंत्रियों, विधायकों को ही जनता का सामना करना है। बेरोजगारों को इन विधायकों को ही फेस करना होगा। जनता पूछ रही है कि जुमला मंत्रालय के लिए क्या है? सपा अध्यक्ष ने कहा कि अंग्रेजी की कहावत साइलेंस इज गोल्डष को हिंदी में समझें तो षविद्वानों की सभा में मूढ़ के लिए मौन ही आभूषण होता है। कुछ लोगों ने उर्दू का विरोध भी उर्दू में किया। उर्दू का विरोध ा करने वालों ने अपने भाषण में कई बार उर्दू का इस्तेमाल किया। पहले घोषणा पत्र में फसलों का न्यूनतम मूल्य देने की घोषणा की गई थी लेकिन नौ बजट के बाद भी क्या हालात हैं आप जानते हैं। गन्ना किसानों का बकाया ये सरकार नहीं बताती है, गन्ने का मूल्य क्या है ये भी नहीं बताते हैं। डबल इंजन की सरकार ने डबल





ब्लंडर किया है। अखिलेश यादव ने सवाल किया कि इस सरकार ने पहले घोषणा पत्र में छह मेगा फूडपार्क विकसित करने की बात कही थी आज तक एक भी विकसित किया हो तो ये सरकार बताए। पहले घोषणा पत्र में इन्होंने सरकारी नौकरियों में महिलाओं की संख्या दोगुनी करने की बात कही थी, सरकार बताए क्या दोगुनी हुई? वित्तमंत्री के गृह जनपद शाहजहांपुर में ही मेडिकल कॉलेज नहीं चल पा रहा है। वित्तमंत्री के गृह जनपद में एंबुलेंस नहीं मिल रही है। लखनऊ के कैंसर इंस्टीट्यूट में मैं गोरखपुर की एक महिला मरीज से मिला। गोरखपुर की महिला मरीज को ठीक से इलाज नहीं मिल पा रहा है। गोरखपुर के मरीज को बीआरडी गोरखपुर, एम्स में इलाज नहीं मिल पा रहा है उस बेटी को इलाज के लिए हमारी सरकार में बनाए कैंसर इंस्टीट्यूट में लखनऊ आना पड़ा। ओपीडी में जमीन पर बिस्तर बिछा कर मरीज बैठते हैं। कैंसर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर हम लोगों से मिलने ही नहीं आए क्योंकि उनके पास हमारे सवालों के जवाब नहीं हैं। हम उत्तराखंड में अब जमीन नहीं ले सकते वहां ऐसा कानून बना दिया। जट में सब धोखा ही धोखा है।

## बजट में सभी वर्गों को ध्यान में रखकर किये गये प्रावधान : राज्यपाल आनंदीबेन

लखनऊ(संवाददाता)।उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को पेश प्रदेश सरकार के बजट को जनहितैषी बताते हुए कहा कि इसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपये का बजट बृहस्पतिवार को पेश किया, जिसमें अनुसंधान एवं विकास और सूचना प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। राजभवन से जारी एक बयान के मुताबिक, राज्ध्यपाल ने कहा कि बजट का फोकस प्रमुख रूप से अवसंरचना परियोजनाओं, गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं, उद्यमियों और व्यापारियों के कल्याण पर है। उन्होंने महिला और श्रमिक कल्याण के लिए किए गए प्रावधानों को सराहा, जिससे महिला सशक्तिकरण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान को बल मिलेगा। राज्यपाल ने बताया कि बजट में



कानून व्यवस्था में सुधार, निवेश वृद्धि, और वायु, जल, सड़क तथा रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है, जो प्रदेश की समृद्धि और कल्याण में सहायक होगा।

## अरुणाचल के पास 90 गांव बसा रहा है चीन : मल्लिकार्जुन खरगे

(एजेन्सी)

नयी दिल्ली। विपक्ष लगातार इस बात को लेकर जोर दे रहा है कि चीन अरुणाचल प्रदेश में अपनी पैठ बढ़ा रहा है..अब इसे लेकर एक बार फिर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चीन की नई घुसपैठ का दावा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया है। खरगे का दावा है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के पास 90 नए गांव बसा रहा है। साथ ही खरगे ने इसे लेकर मोदी सरकार को भी घेरा है। चीन की नापाक हरकतों को एक बार फिर उजागर करते हुए कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। कांग्रेस ने दावा किया है कि चीन अरुणाचल प्रदेश की सीमा के पास 90 गांव बसा रहा है। इसे लेकर कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अब खबर है कि




चीन अरुणाचल प्रदेश की सीमा के पास 90 नए गांव बसा रहा है। इनमें से बहुत से गांव भारत-चीन सीमा के उस क्षेत्र में हैं, जो विवादित हैं। चीन, भारतीय सीमा पर कुल 628 ऐसे गांव बसा चुका है, लेकिन नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह खामोश हैं। पोस्ट में आगे लिखा गया कि चीन लगातार भारत के लिए खतरा बनता जा रहा है। हमारी सीमाओं में घुसपैठ कर रहा है, लेकिन नरेंद्र मोदी चीन को क्लीनचिट देते हुए कहते रहे हैं कि- श्कोई घुसा हुआ नहीं है। ऐसे में सवाल है- नरेंद्र मोदी चीन को लाल आंख कब दिखाएंगे? नरेंद्र मोदी कब कहेंगे कि भारतीय जमीन पर चीन का दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा? देश इंतजार कर रहा है। इस मामले में मल्लिकार्जुन खरगे ने भी एक्स पर पोस्ट कर पीएम मोदी का आकउंट मेंशन करते हुए उन्हें घेरा है। खरगे ने पोस्ट कर लिखा कि मोदी जी, आप चीन को लाल आंख के बजाय लाल सलाम की नीति अपना रहें हैं ! मोदी जी, आपकी सरकार की प्राथिमिकता पीआर स्टंट और स्वयं के झूठे विज्ञापन हैं,

## भाजपा सरकार दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी : शाह

(एजेन्सी)

दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेखा गुप्ता को बधाई दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक निर्वाचित हुईं रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि



दिल्ली की जनता ने 'धोखे और वादाखिलाफी के राज' को समाप्त कर सेवा और समर्पण की पर्याय भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा, "आज नवगठित भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर रेखा गुप्ता तथा अन्य सभी मंत्रियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के वंचितों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए विकसित दिल्ली का जो विजन बनाया है, वह आप सभी के कुशल नेतृत्व में निश्चित साकार होगा। भाजपा सरकार दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी। हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता शालीमार बाग से विधायक निर्वाचित हुई हैं।

## सम्पादकीय

### अश्लीलता का कारोबार

हाल ही में यूट्यूब के एक कथित कॉमेडी शो से उठे राष्ट्रव्यापी विवाद के बाद आरोपी यूट्यूबर को गिरफ्तारी से राहत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में आरोपी से कहा कि उसने अपने दिमाग में भरी गंदगी को उगला है। अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसकी बातों से बेटियों, बहनों और माता–पिता को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने की योजना बताएं। अन्यथा इस मामले में कोर्ट देखेगा। उल्लेखनीय है कि यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के एक शो 'इंडियाज गॉट टेलेंट' के एक एपिसोड को लेकर पिछले दिनों खासा विवाद हुआ। जिसको लेकर पूरे देश में तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई। कई राज्यों में अश्लील टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। दरअसल, रणवीर ने एक प्रतिभागी से उसके माता–पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल किए थे। इस अमर्यादित व अश्लील टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आलोचना की जा रही है। कालांतर यूट्यूब को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद इस एपिसोड को हटाना पड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया पर ऐसी अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का यह पहला मामला नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अनाप–शनाप बकने का सिलसिला पिछले लंबे समय से सोशल मीडिया पर चल रहा है। दरअसल, कई कॉमेडियन व कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों में ऐसी बकवास करते रहते हैं ताकि उन्हें नकारात्मक चर्चा से व्यापक पहचान मिल सके। लगातार कोशिश होती रहती है कि वर्जित विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करके तरह–तरह के विवाद खड़े किए जाएं। दरअसल, टीवी चौनल भी टीआरपी के गंदे खेल में ऐसे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकते, जो विवाद पैदा करें। ऐसे कॉमेडी कार्यक्रमों की लंबी शृंखला है जो अश्लीलता, फूहड़ता और अभद्रता को अपने विषय वस्तु बनाते हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर वर्जना तोड़ते कार्यक्रमों की बाढ़ सी आई हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था का कोई स्थान नहीं है। जिसके चलते अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर तमाम वर्जित विषयों व संवादों को तरजीह दी जा रही है। एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कार्रवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं। विगत में भी एक विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी डिजिटल कंपनियों को शिकायत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। यद्यपि आईटी मंत्रालय को आपत्तिजनक एप्स और कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार है। लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया की निरंकुश भूमिका को देखते हुए एक सख्त कानून की जरूरत महसूस हो रही है। इसके अभाव में ऐसे विवादित कार्यक्रम सुर्खियों में आते रहते हैं। हो–हल्ला होने के बाद प्राथमिकी दर्ज होती है, लेकिन बहुत कम मामलों में आरोपियों को सजा हो पाती है। उन्हें कानूनी संरक्षण देने वाले भी खुलकर सामने आते हैं। यही वजह है रणवीर इलाहाबादिया वाले मामले में शीर्ष अदालत ने उनको लेकर सख्त टिप्पणियां की हैं। नीति–नियंताओं को इस सामाजिक प्रदूषण को रोकने के लिये कारगर कानून बनाने होंगे ताकि आरोपियों को समय से सजा मिल सके। जिससे रातों–रात फेमस होने की होड़ में सामाजिक विकृतियों व कुंठाओं को प्रश्रय न मिले। सदियों से सहेजे गए जीवन मूल्यों व सभ्याचार का संरक्षण करना समाज की भी जिम्मेदारी है। यदि इसकी महीन लक्ष्मण रेखा का अतिक्रमण होता है तो सामूहिक प्रतिरोधा जरूरी है। नीति–नियंताओं को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। तकनीकी क्रांति व विकास का मतलब यह कदापि नहीं है कि हम पश्चिम की विकृतियों व यौन कुंठाओं का अंधानुकरण करें। कालांतर ये प्रवृत्तियां न केवल सामाजिक विद्रूपताओं को सींचती हैं बल्कि अपराधों के लिये भी उर्वरा भूमि तैयार करती हैं। साथ ही सोशल मीडिया के कंटेंट पर निगरानी के लिये सशक्त नियामक संस्था की जरूरत भी महसूस की जा रही है।




मेष :– भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

बृषभ :– भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

मिथुन :– मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

कर्क :– नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

सिंह :– नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही कतई न करें।

कन्या :– जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

तुला :– काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

वृश्चिक :– रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

धनु :– अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

मकर :– बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतरू इसे सुधारें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

कुंभ :– सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। आलस्य कतई न करें।

मीनः– कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख–सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त–मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त–मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# दिल्ली की किस्मत 'रेखा' से एनसीआर की अपेक्षाएं

कमलेश पांडे

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से न केवल दिल्ली वासियों बल्कि एनसीआर के लोगों की अपेक्षाएं बढ़ चुकी हैं। क्योंकि दिल्ली–एनसीआर के इतिहास में संभवतया यह पहला मौका है जब दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तरप्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। चूंकि दिल्ली और एनसीआर के शहरों यथा– गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत आदि में चोली–दामन का सम्बन्ध बन चुका है, इसलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री से सबकी सकारात्मक अपेक्षाएं रहती आई हैं। लिहाजा, अब यह रेखा गुप्ता पर निर्भर करेगा कि हरियाणा–उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकारों को साधकर वह दिल्ली–एनसीआर वासियों के दूरगामी हित कितने महत्वपूर्ण कदम उठा पाती हैं। वहीं यदि वह राजस्थान और उत्तराखंड की भाजपा सरकारों को भी साध लें तो दिल्ली–एनसीआर वासियों का ज्यादा भला कर पाएंगी। ध्रुवसत्य है कि जब लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें किसी नेता के एजेंडे में शामिल हो जाती हैं तो दोनों का संतुलित विकास होता है।

ऐसे में यदि भाजपा और उसके तीनों–चारों मुख्यमंत्री जनहित में श्ग्रेटर दिल्लीश बनाने की पहल करे तो एनसीआर वासियों के लिए इससे बड़ी खुशी की बात कुछ हो ही नहीं सकती। क्योंकि ऐसा होने से जहां गाजियाबाद–गौतमबुद्धनगर के लोगों को लखनऊ–प्रयागराज–कानपुर के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी, वहीं फरीदाबाद–गुरुग्राम–रोहतक–सोनीपत के लोगों को चंडीगढ़ जाने से मुक्ति मिलेगी। वहीं, जो लोग अब तक यह कहते आए हैं कि दिल्ली का न अपना मौसम है, न पानी है, उनकी यह शिकायत भी दूर हो जाएगी। क्योंकि ग्रेटर दिल्ली के पास अपना मौसम और अपना पानी दोनों हो जाएगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति में भी कोई बाधा नहीं आएगी। सड़कें चकाचक हो जाएंगी। यही नहीं, ग्रेटर दिल्ली बनने से यहां की लोकसभा सीटें बढ़ेंगी, विधानसभा सीटें बढ़ेगी, नगर निगम का आकार बढ़ेगा और यहां विधान परिषद के गठन की भी बात बढ़ेगी। इसके अलावा, यहां न केवल अपराध पर लगाम लगाया जा सकेगा, बल्कि दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र के संतुलित विकास में भी मदद मिलेगी। इसलिए भले ही हरियाणा सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार या राजस्थान सरकार ग्रेटर दिल्ली बनाने के लिए अपने विकसित शहर व जनपद देने को राजी न हों, लेकिन दिल्ली–एनसीआर वासियों के भावी हितों के मद्देनजर केंद्र सरकार को इसके लिए खुले दिल से विचार करना चाहिए। यह मुद्दा कोई कपोलकल्पित बात नहीं है, बल्कि जब तब चुनावों में उठता भी आया है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनवाने के पीछे लोगों के जेहन में भी यह बात रही है। चूंकि मोदी हैं तो मुमकिन है, इसलिए ये वाला फॉर्मूला यहां भी लागू होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो दिल्ली की दो बड़ी समस्याओं– यमुना नदी प्रदूषण और वायु प्रदूषण का भी ठोस समाधान निकल पाएगा। यहां के उद्योगों के विस्तार के लिए भूमि और जनसंख्या की किल्लत भी महसूस नहीं होगी। एक सीजीएसटी और चार एसजीएसटी से भी उद्यमी बच जाएंगे। चूंकि दिल्ली को छोटा हिंदुस्तान करार दिया जाता है, इसलिए इसका दायरा भी थोड़ा बड़ा हो जाएगा। इससे विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक विकास में भी यहां मदद मिलेगी। यदि आप देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर नजर डालेंगे तो अधिकांश जगहों पर भाजपा और एनडीए की सरकार मिलेगी। इसलिए उनसे तालमेल बिठाकर भी ग्रेटर दिल्ली के सपने को साकार किया जा सकता है। वहीं, दिल्ली–एनसीआर के कूड़े–कचरों का भी सही समायोजन हो पाएगा। दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ों को 100–150 किलोमीटर दूर ले जाने में भी मदद मिलेगी।वाकई, दिल्ली–एनसीआर का भौगोलिक क्षेत्र जितना बड़ा है, यदि उसे ग्रेटर दिल्ली में सम्मिलित कर लिया जाए तो इस दिल्ली प्रदेश के विकास में आशातीत उन्नति होगी। ऐसा इसलिए कि अमूमन यहां के लोग एक दिन में दो–तीन–चार–पांच प्रदेशों का दौरा कारोबारी, राजनीतिक, समाजसेवा या व्यक्तिगत कारणों से करते हैं, इससे उन्हें सभी राज्यों को अलग–अलग टैक्स/टोल टैक्स आदि भी देना पड़ता है, जिससे यहां के उत्पाद महंगे हो जाते हैं। यदि ऐसा हुआ तो यहां के लोगों को रोजगार भी ज्यादा मिलेगा। ऐसा देखा जाता है कि एनसीआर के शहरों को सलीके से लूटने के लिए इनके इनके प्रदेश मुख्यालयों में गिरोह सक्रिय रहता है। लिहाजा ग्रेटर दिल्ली बनने से इस घटिया मानसिकता से भी मुक्ति मिलेगी। चूंकि आप और कांग्रेस से चुनावी प्रतिस्पर्धा में भाजपा ने कई फ्रीबीज की घोषणाएं की हैं, इसलिए उनको भी एक एक करके पूरा करवाने की जिम्मेदारी रेखा गुप्ता के कंधों पर होगी। दिल्ली में सड़कों का निर्माण, शिक्षा व जनस्वास्थ्य व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, झुग्गी–झोपड़ियों का विकास, अवैध से वैध हुई कॉलोनियों में पार्क, सामुदायिक भवन, शौचालय, पेयजल आदि जनसुविधाओं की बहाली पर भी रेखा गुप्ता सरकार को तुरंत फोकस करना होगा, क्योंकि दिल्ली के मतदाता जागरूक बहुत हैं। चूंकि रेखा गुप्ता हरियाणा मूल की भाजपा नेत्री हैं, अग्रवाल वैश्य समाज से आती हैं, प्रगतिशील महिला हैं, आरएसएस–भाजपा के लोगों को साथ लेकर चलती आई हैं, मोदी–शाह के एजेंडे के प्रति ततपर रहती आई हैं, इसलिए नवनिर्वाचित विधायक होने के बावजूद पार्टी नेतृत्व ने उन्हें मौका दिया है। कहना न होगा कि उन्हें तीन बार निगम पार्षद बनने, डीयू छात्र संघ की अध्यक्ष रहने, एमसीडी मेयर का चुनाव लड़ने और पार्टी में विभिन्न पदों पर सक्रिय रहने का गौरव हासिल है, इसलिए लोगों को उम्मीद है कि वह उन्हें निराश नहीं करेंगी। दरअसल, दिल्ली के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने में उन्होंने पार्टी के जितने बड़े–बड़े कद्दावर नेताओं को धराशायी किया है, उससे स्पष्ट है कि साधारण दिखती हुई भी वो असाधारण शख्सियत रखती हैं। इसलिए दिल्ली–एनसीआर के सपनों ग्रेटर दिल्ली को भी साकार कर सकती हैं, यदि वह ठान लें तो।



> लिहाजा, अब यह रेखा गुप्ता पर निर्भर करेगा कि हरियाणा-उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकारों को साधकर वह दिल्ली-एनसीआर वासियों के दूरगामी हित कितने महत्वपूर्ण कदम उठा पाती हैं। वहीं यदि वह राजस्थान और उत्तराखंड की भाजपा सरकारों को भी साध लें तो दिल्ली-एनसीआर वासियों का ज्यादा भला कर पाएंगी। ध्रुवसत्य है कि जब लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें किसी नेता के एजेंडे में शामिल हो जाती हैं तो दोनों का संतुलित विकास होता है। ऐसे में यदि भाजपा और उसके तीनों-चारों मुख्यमंत्री जनहित में ग्रेटर दिल्ली बनाने की पहल करे तो एनसीआर वासियों के लिए इससे बड़ी खुशी की बात कुछ हो ही नहीं सकती। क्योंकि ऐसा होने से जहां गाजियाबाद-गौतमबुद्धनगर के लोगों को लखनऊ-प्रयागराज-कानपुर के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी, वहीं फरीदाबाद-गुरुग्राम-रोहतक-सोनीपत के लोगों को चंडीगढ़ जाने से मुक्ति मिलेगी। वहीं, जो लोग अब तक यह कहते आए हैं कि दिल्ली का न अपना मौसम है, न पानी है, उनकी यह शिकायत भी दूर हो जाएगी।

# लंबे और घने बालों के लिए अपनाएं ये आसान घरेलू उपाय

लंबे और घने बाल हर किसी की ख्वाहिश होते हैं, लेकिन इसके लिए सही देखभाल की जरूरत होती है। बालों को लंबा करने के लिए आपको महंगे उत्पादों की आवश्यकता नहीं है, बल्कि आपके घर में उपलब्ध कुछ सामान्य चीजों से भी आप बालों की वृद्धि को बढ़ा सकते हैं। यहां हम आपको 5 प्रभावी घरेलू नुस्खे बताएंगे जिनसे आप अपने बालों को तेजी से लंबा कर सकती हैं।



अंडे का हेयर मास्क

अंडा प्रोटीन का अच्छा स्रोत है और यह बालों की मजबूती बढ़ाता है। एक अंडे को आधे कप दही में मिलाकर बालों की जड़ों से लेकर सिरों तक लगाएं। इससे बालों का झड़ना कम होता है और बाल घने व मजबूत होते हैं।

करी पत्ते और नारियल का तेल

करी पत्ते बालों की वृद्धि में मदद करते हैं। इन्हें नारियल तेल में डालकर पका लें और ठंडा होने पर इसे अपने बालों की जड़ों में लगाकर मालिश करें। यह बालों को लंबा करने में सहायक होता है।

नीम के पत्ते

नीम के पत्तों में एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं जो स्कैल्प को साफ करने में मदद करते हैं। एक बड़े बर्तन में पानी गर्म करके उसमें नीम के पत्ते डालें, फिर इसे ठंडा होने दें और इस पानी से बालों को धोएं। इससे बालों की बढ़ोतरी में मदद मिलती है।

प्याज का रस

प्याज का रस बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। प्याज को घिसकर उसका रस निकालें और इसे अपनी बालों की जड़ों में लगाकर 30 मिनट तक छोड़ दें। यह बालों की वृद्धि में सहायक होता है और बालों का झड़ना भी कम करता है।

मेथी के दाने

मेथी के दानों में बालों को मजबूत बनाने और उनकी लंबाई बढ़ाने के गुण होते हैं। रात में 2 चम्मच मेथी के दानों को भिगोकर सुबह इनका पेस्ट बना लें और बालों में लगाएं। इस पेस्ट को 40 से 50 मिनट तक बालों पर छोड़कर धो लें। इससे बालों का झड़ना रुकता है और उनकी वृद्धि होती है।

आलिव ऑइल और शहद

आलिव ऑइल में विटामिन ई और एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं और बालों को सिल्की और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। शहद को भी बालों में नमी बनाए रखने के लिए जाना जाता है। एक टेबलस्पून शहद और एक टेबलस्पून ऑलिव ऑइल मिलाकर इसे बालों में अच्छे से लगा लें और 30 मिनट बाद धो लें। इससे बालों की लचीलापन और चमक बढ़ेगी और बाल जल्दी बढ़ेंगे।

एलोवेरा और नींबू का मास्क

एलोवेरा का इस्तेमाल बालों के लिए अत्यधिक लाभकारी होता है। यह स्कैल्प को ठंडक देता है और बालों की ग्रोथ को प्रोत्साहित करता है। साथ ही, नींबू में विटामिन सी होता है, जो बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाता है। आधे नींबू का रस और एलोवेरा जेल को मिक्स करके बालों की जड़ों में लगाएं। इसे 20–30 मिनट तक बालों में रहने दें और फिर अच्छे से धो लें।

जैतून के तेल और शहद का मिश्रण

जैतून का तेल बालों को पोषण देने और उनकी मजबूती बढ़ाने के लिए बहुत प्रभावी होता है। इसे शहद के साथ मिलाकर बालों में लगाएं, ताकि बालों को गहरी नमी मिले और वे जल्दी बढ़ें। शहद और जैतून के तेल का यह मिश्रण बालों में जलन और खुजली को भी दूर करता है।

बादाम का तेल

बादाम के तेल में बालों को प्रोटीन और विटामिन ई मिलता है, जो बालों को जल्दी बढ़ाने में मदद करता है। बादाम का तेल बालों को सिल्की बनाने के साथ–साथ उन्हें मजबूत भी करता है। आप इसे नियमित रूप से बालों की जड़ों में मालिश करके लगा सकते हैं। इस तेल से बालों में रक्त संचार को बढ़ावा मिलता है, जो बालों की विकास दर को बढ़ाता है।

चाय की पत्तियां

ग्रीन टी में एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो बालों के विकास के लिए फायदेमंद होते हैं। ग्रीन टी का एक पैकेट लें, इसे पानी में उबालें और ठंडा होने के बाद इसे बालों में अच्छे से लगाकर 30 मिनट तक छोड़ दें। बाद में बाल धो लें। ग्रीन टी बालों को सिल्की बनाने के साथ–साथ उनका झड़ना भी कम करती है।

पानी का सही सेवन

बालों की सेहत को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी चीज है पानी का सही सेवन। हमारे शरीर का लगभग 60% हिस्सा पानी से बना होता है, और पानी बालों की जड़ों को पोषित करने और उन्हें स्वस्थ रखने में मदद करता है। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो बालों का झड़ना बढ़ सकता है और उनकी वृद्धि धीमी हो जाती है। इसलिए, रोजाना कम से कम 8–10 गिलास पानी पिएं ताकि बालों को पर्याप्त पोषण मिल सके और वे तेजी से बढ़ सकें।

हेयर केयर रूटीन को बनाएं नियमित

अच्छे बालों के लिए केवल घरेलू उपायों का इस्तेमाल करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आपको एक सही हेयर केयर रूटीन का पालन भी करना चाहिए। अपने बालों को नियमित रूप से धोएं, हल्के शैंपू का इस्तेमाल करें, बालों को ज्यादा गर्मी से बचाएं और बालों को खींचे नहीं। इससे बालों की सेहत पर सकारात्मक असर पड़ेगा और बाल जल्दी लंबे होंगे।

स्वस्थ आहार लें

बालों की मजबूती और लंबाई के लिए एक सही और संतुलित आहार भी बेहद जरूरी है। आपके आहार में प्रोटीन, आयरन, विटामिन ए, सी, ई, जिंक और ओमेगा–3 फैटी एसिड्स शामिल होने चाहिए। ये सभी पोषक तत्व बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं और बालों को स्वस्थ रखते हैं। हरी सब्जियां, फल, दालें, मछली, अंडे, दूध और नट्स आदि अपने आहार में शामिल करें। इन सभी घरेलू उपायों को नियमित रूप से अपनाकर आप अपने बालों को लंबा, घना और मजबूत बना सकती हैं। याद रखें कि बालों की वृद्धि में धैर्य और नियमितता सबसे महत्वपूर्ण हैं। इन नुस्खों को अपनाएं और अपने बालों में बदलाव देखें।

# इस गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं रेखा, फिटनेस बनाए रखने के लिए अपनाती हैं ये खास तरीके

बॉलीवुड की हुस्न–ए–मल्लिका रेखा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि वह टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित हैं। यह बीमारी तब होती है जब शरीर में इंसुलिन सही तरीके से काम नहीं करता, जिससे ब्लड में शुगर का लेवल तेजी से बढ़ने लगता है। रेखा अपनी फिटनेस का खास ध्यान रखती हैं ताकि उनकी यह बीमारी कंट्रोल में रहे।



कैसे कंट्रोल करती हैं रेखा डायबिटीज?

रेखा अपनी खानपान और लाइफस्टाइल को लेकर बहुत सावधान हैं। वह जंक फूड, तली–भुनी चीजें और अनहेल्दी फूड बिल्कुल नहीं खातीं। इसके साथ ही, वह एक खास डाइट फॉलो करती हैं और नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखती हैं ताकि उनका डायबिटीज कंट्रोल में रहे। रेखा के फिट रहने का राज उनकी सही डाइट और एक्टिव लाइफस्टाइल है।

डायबिटीज के कारण और लक्षण

डायबिटीज के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि आनुवंशिकता (परिवार में किसी को डायबिटीज हो), कम शारीरिक गतिविधि, खराब खानपान, और पर्याप्त नींद न लेना। अगर व्यक्ति को डायबिटीज हो जाए तो इसके लक्षण धीरे–धीरे दिखते हैं, जिनमें से कुछ आम लक्षण इस प्रकार हैं–

**बार-बार पेशाब आना**

जब ब्लड में शुगर का स्तर बढ़ जाता है, तो शरीर को इसे बाहर निकालने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ते हैं। गुर्दे (किडनी) इस शुगर को रक्त से छानने की कोशिश करते हैं, जिसके कारण अधिक पेशाब बनता है। यह स्थिति विशेष रूप से रात के समय में और भी अधिक हो सकती है, जिससे व्यक्ति को बार–बार बाथरूम जाना पड़ता है। इस समस्या को पॉलीयूरीया कहा जाता है, और यह एक प्रमुख लक्षण होता है जो डायबिटीज के मरीजों में आमतौर पर देखा जाता है। बार–बार पेशाब जाने के कारण व्यक्ति को नींद में भी खलल पड़ सकता है, और इससे शरीर में जल की कमी हो सकती है।

बार–बार प्यास लगना

जब शरीर से अतिरिक्त शुगर को बाहर निकालने के लिए बार–बार पेशाब होती है, तो शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इसका परिणाम होता है अधिक प्यास लगना। इस स्थिति को पॉलीडिप्सिया कहा जाता है। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो मस्तिष्क से सिग्नल मिलता है कि शरीर को अधिक पानी की आवश्यकता है। इस कारण व्यक्ति को लगातार प्यास लगती रहती है। इसके अलावा, शरीर में पानी की कमी डिहाइड्रेशन का कारण बन सकती है, जिससे कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को प्यास का बार–बार लगना एक महत्वपूर्ण संकेत होता है कि शुगर का स्तर अधिक हो सकता है।

बार–बार भूख लगना

टाइप 2 डायबिटीज के कारण शरीर में ग्लूकोज का सही तरीके से उपयोग नहीं हो पाता है। ग्लूकोज शरीर की कोशिकाओं को ऊर्जा देने के लिए आवश्यक होता है, लेकिन डायबिटीज की स्थिति में, यह ग्लूकोज रक्त में ही बना रहता है और शरीर की कोशिकाओं में नहीं पहुंच पाता। इसके कारण, शरीर को ऊर्जा की कमी होती है, और व्यक्ति को बार–बार भूख लगने लगती है। पाचन प्रक्रिया में समस्या के कारण शरीर को जरूरी ऊर्जा नहीं मिल पाती, जिससे व्यक्ति लगातार भोजन करने की इच्छा महसूस करता है। इससे वजन बढ़ने और शरीर के अन्य अंगों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

थकान महसूस होना

टाइप 2 डायबिटीज का एक और सामान्य लक्षण है थकान या कमजोरी महसूस होना। जब शरीर में शुगर का स्तर अधिक होता है, तो शरीर की कोशिकाओं तक ग्लूकोज नहीं पहुंच पाता, जिससे ऊर्जा की कमी होती है। इससे व्यक्ति को थकान महसूस होने लगती है और वह शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करता है। साथ ही, अत्यधिक शुगर के कारण आंखों के लेंस में सूजन भी हो सकती है, जिससे नजर में दिक्कत हो सकती है। इस थकान का असर व्यक्ति की मानसिक स्थिति पर भी पड़ सकता है, जिससे मूड स्विंग्स और चिंता जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यदि डायबिटीज को कंट्रोल न किया जाए तो यह थकान और अधिक बढ़ सकती है, और व्यक्ति को रोजमर्रा की गतिविधियां करने में भी मुश्किल हो सकती है।

डायबिटीज मरीजों के लिए खानपान में बदलाव

अगर किसी को डायबिटीज हो, तो खानपान में कुछ बदलाव करने से उसे कंट्रोल किया जा सकता हैः

हर दिन एक ही समय पर खाना खाएं। कम कार्बोहाइड्रेट वाला भोजन खाएं। ज्यादा फाइबर वाले फल, साबुत अनाज और सब्जियां खाएं। प्रोसेस किए हुए खाने जैसे कि कैंडी, कुकीज, डोनट्स और पेस्ट्री को कम से कम खाएं।

मीठे पेय पदार्थ जैसे सोडा, मीठी चाय, लेमोनेड, फ्रूट पंच और स्पोर्ट्स ड्रिंक्स से बचें।

रेखा ने अपनी लाइफस्टाइल और खानपान के जरिए यह साबित कर दिया है कि अगर अपनी सेहत का ध्यान रखा जाए, तो गंभीर बीमारियों को भी नियंत्रित किया जा सकता है।

# नाला एवं सड़क निर्माण पूरा करने के पहले मैपिंग करे पीडब्ल्यूडी - महापौर

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।नगर निगम क्षेत्र में नाला एवं सड़क निर्माण पूरा करने के पहले लोक निर्माण विभाग मैपिंग कर लेगा। इसके बाद क्षेत्रीय पार्षद नगर निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात प्राप्त सुझावों को शामिल कर निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।यह निर्देश महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को दिए।बैठक में नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।रामपथ से जुड़ी गलियों का सीवर लाइन से कनेक्शन जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को दिया।समीक्षा बैठक में पाया गया कि सीताकुंड वार्ड में सीवर डालने का कार्य पूरा हो गया है, लेकिन कनेक्शन 20 फीसदी ही किए गए हैं।अयोध्या धाम की गलियों में सीवर डालने का कार्य जहां पूर्ण कर लिया गया है, वहां कनेक्शन का कार्य एक सप्ताह में शत–प्रतिशत पूरा करने का निर्देश जल निगम के अधिकारियों को दिए गए। समीक्षा बैठक में पार्षदों ने गलियों से नाले की ऊंचाई अधिक होने का मुद्दा उठाया। कहा कि इससे घरों का पानी नाले में न जाकर उल्टे नाले का पानी घरों में प्रवेश करेगा। महापौर ने निर्देश दिया कि नाले का निर्माण करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि गलियों एवं नलियों का पानी स्वाभाविक फ्लो के साथ नाले में जाए। खवासपुरा, हसनूकटरा सहित कई वार्डो में नालियों को नाले से न जोड़ने की शिकायत दर्ज कराई गई। रामपथ से गलियों को न जोड़ने की शिकायत भी सामने आई। परिक्रमा मार्ग से जनौरा के बीच बन रहे नाले से मुहल्ले जलभराव बढ़ जाने का मुद्दा भी पार्षद ने उठाया। मकबरा से चौक के बीच सीडी फोर द्वारा बनवाया जा रहा नाला अपने सामान्य स्तर से ऊपर बताया गया, जिसे गलियों की ऊंचाई के अनुरूप करने की हिदायत दी गई। पार्षदों ने दर्ज कराई सीवर सफाई न होने की शिकायत,समीक्षा बैठक में पार्षदों ने सीवर सफाई समय से न किए जाने का मुद्दा उठाया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि अयोध्या में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सफाई कार्य बहुत आवश्यक है। पार्षदों ने कहा कि कई जगह पर सीवर कनेक्शन न होने से दिक्कत आ रही है। यह भी कहा गया कि सीवर को नालियों में भी खोल दिया जा रहा है। कुछ पार्षदों ने सड़क निर्माण के पूर्व सीवर लाइन डालने की बात कही। सीवर सफाई कार्य में लापरवाही बरत रही एजेंसी तोसीबा को ब्लैकलिस्टेड करने की मांग की गई। महापौर ने सीवर कनेक्शन एवं सफाई को लेकर जल निगम को एक सप्ताह के भीतर पार्षदों के सुझाव के मद्देनजर कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।

# 25 फरवरी को प्रदेश भर के वकील न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे– घनश्याम सिंह



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,21 फरवरी । उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के नेतृत्व में वकीलों ने एडवोकेट्स एक्ट में प्रस्तावित संशोधन का विरोध शुरू कर दिया है। जौनपुर में कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है। वकीलों की प्रमुख मांगों में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्रावधान शामिल है। इसके अलावा वकीलों के लिए 10 लाख का मेडिक्लेम और मृत्यु पर 10 लाख की बीमा राशि की मांग की गई है। वकील चाहते हैं कि पंजीकरण के समय ली जाने वाली 500 रुपये की स्टांप राशि प्रादेशिक परिषदों को वापस की जाए। विधिक स्टांप की बिक्री से प्राप्त धनराशि का 2 प्रतिशत अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाए। जिलाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने चेतावनी दी है कि अगर एडवोकेट अमेंडमेंट बिल–2025 वापस नहीं लिया गया तो वे देशव्यापी आंदोलन करेंगे। 25 फरवरी को प्रदेश भर के वकील न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। वे सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालय का घेराव करेंगे। डीड राइटर को बैनामा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा द्वारा पारित एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को राज्यपाल ने राष्ट्रपति की सहमति न मिलने के कारण रोक दिया है। वकीलों का आरोप है कि वर्तमान सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित नहीं करना चाहती है।

# प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विफल हो रही है– रागिनी सोनकर

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,21 फरवरी । मछलीशहर की समाजवादी पार्टी विधायक रागिनी सोनकर ने शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार पर



गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विफल हो रही है। सोनकर ने कहा कि सरकार देश को विश्वगुरु बनाने की बात कर रही है। लेकिन वास्तविकता में देश पटरी से उतर रहा है। अमीर और अमीर बन रहे हैं। गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2010–11 की तुलना में मध्यम वर्ग की आय में गिरावट आई है। नियमित वेतनभोगी महिलाओं का प्रतिशत 22 से घटकर 16 हो गया है। विधायक ने सरकार के 2029 तक 1 ट्रिलियन इकोनॉमी के दावे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पाने के लिए कृषि, उद्योग और रोजगार सेवा विभागों का योगदान बढ़ाना होगा। ये तीनों क्षेत्र अपनी वर्तमान क्षमता से अधिक काम करें, तभी 2029 तक लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा। सोनकर ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने 2023–24 और 2024–25 में इन विभागों में किए गए सुधारों का कोई ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने चिंता जताई कि मध्यम वर्ग का जीएसडीपी में योगदान 25 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत हो गया है। सरकार से इस वर्ग को बचाने की रणनीति के बारे में जवाब मांगा।

# अभी अगले आदेश तक जगदीशपुर होकर चलेगी प्रयागराज को जाने वाली बसें – आदित्य प्रकाश

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। अयोध्या से प्रयागराज जाने वाले रोडवेज बस यात्रियों को अभी कुछ दिनों तक और जगदीशपुर होकर यात्रा करनी पड़ेगी।बताते चलें कि अयोध्या से जगदीशपुर होते हुए प्रयागराज यात्रा करने वाले रोडवेज यात्रियों को 50 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी पड़ रही है। जिससे कि उनका समय और धन दोनों खर्च हो रहा है। इस संबंध में सहायक प्रबंधक रोडवेज अयोध्या आदित्य प्रकाश ने बताया के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले के चलते अभी अगले आदेश तक यह रूट डायवर्जन किया गया है। बताया कि अयोध्या से प्रयागराज को जाने वाली लगभग 55 रोडवेज बसें जगदीशपुर होते हुए सुल्तानपुर तक जा रही हैं फिर उसके बाद प्रतापगढ़ से प्रयागराज पहुंच रही है।जिससे कि 50 किलोमीटर की दूरी अधिक तय करनी पड़ रही है।बताया कि ऐसा निर्णय अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर खासकर प्रयागराज से अयोध्या आने–जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के काफी दबाव पढ़ने के चलते शासन द्वारा लिया गया है।बताया कि कम से कम 26 फरवरी शिवरात्रि तक यह रूट डायवर्जन रहेगा।उसके बाद श्रद्धालुओं की भीड़ पर यह निर्भर रहेगा कि शासन द्वारा रोडवेज बसों को सीधे अयोध्या से सुल्तानपुर की तरफ चलाया जाए या फिर जगदीशपुर से होते हुए सुल्तानपुर तब प्रयागराज तक बसों का संचालन किया जाये।

# संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल ने मण्डलीय सचल दलों व मण्डलीय नियन्त्रण कक्ष के प्रभारियों व सदस्यों की बैठक कर दिए निर्देश

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। यू पी बोर्ड परीक्षा 2025 के प्रभावी अनुश्रवण के लिए मण्डल स्तर पर गठित चार सचल दलों व जे डी कार्यालय में स्थापित होने वाले मण्डलीय कन्ट्रोल रूम में नियुक्त किये गए प्रभारी व सदस्यों की संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ०प्रदीप कुमार सिंह ने एक आवश्यक बैठक अपने कार्यालय कक्ष में ली,जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों को शासन व विभाग द्वारा यू पी बोर्ड परीक्षा 2025 के लिये जारी किए गए एस०ओ०पी० के अनुरूप लखनऊ मण्डल के 6 जनपदों सीतापुर, लखनऊ,उन्नाव,हरदोई,रायबरेली, लखीमपुर खीरी में सुचारू रूप से परीक्षा सम्पादित करवाने के उद्देश्य से विस्तृत



दिशा निर्देश दिए, संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ०प्रदीप कुमार ने सभी सचल दल प्रभारियों व सदस्यों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते समय इस बात का सदैव ध्यान रखें कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो,परीक्षा केन्द्र के सीसीटीवी के संचालन व कनेक्टिविटी की स्थिति ,स्ट्रांग रूम का लॉग बुक व प्रश्न पत्रों के सुरक्षित रख रखाव,सीटिंग प्लान,परीक्षा केन्द्र पर वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति,कक्ष निरीक्षकों की उपलब्धता आदि की व्यवस्था, चेक किये जायें। मण्डल स्तर पर बनाये गए चारो सचल दल संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ०प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर लखनऊ मण्डल के अलग अलग जनपदों के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगे, मण्डल के चारो सचल दल में एक दल के प्रभारी स्वयं डॉ०प्रदीप कुमार सिंह होंगे वहीं दूसरे मण्डलीय सचल दल की प्रभारी डी०डी०आर० लखनऊ मण्डल रेखा दिवाकर,तीसरे सचल दल के प्रभारी मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक (ए०डी०बेसिक लखनऊ मण्डल) श्याम किशोर तिवारी व चौथे सचल दल की अगुवाई,मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ०दिनेश कुमार करेंगे,प्रत्येक सचल दल टीम में दो पुरुष व दो महिला अनुभवी सदस्य रखे गए हैं। सम्पूर्ण परीक्षा अवधि में मण्डलीय कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 0522–2254070 रहेगा।

# जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर अभिषेक को यात्रा के लिए किया रवाना

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) शहीद सैनिकों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए शहीद सेना सम्मान भारत साईकिल यात्रा पर देवरिया से निकले अभिषेक आज अपनी यात्रा के 68वें दिन हरदोई कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचे। यहाँ उनका स्वागत जिला अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने किया। जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर उनको आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। उन्होने कहा कि अभिषेक का यह जुनून सैनिकों का उत्साहवर्धन करेगा तथा वीर सैनिकों का यह आंतरिक समर्थन भी हमारी सेना की ताकत है। अभिषेक अपनी



संपूर्ण यात्रा के दौरान देश के 31 राज्यों और 61 छावनी होते हुए कुल 47000 किलोमीटर की दूरी तय कर 900 दिन में यात्रा समाप्त करेगें वे अपने साथ एक टेंट लेकर चलते हैं जिसमें वह रात्रि विश्राम करते हैं और रात्रि विश्राम के लिए वह किसी की सहायता नहीं लेते हैं। कलेक्ट्रेट परिसर से उनके रवाना होने के समय, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ओपी मिश्रा, बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 909 कैदियों को मंत्र उच्चारण के बाद पवित्र गंगाजल से स्नान कराया गया

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर कारागार मुख्यालय लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में जिला कारागार जौनपुर में बंद सभी 909 कैदी के लिए केंद्रीय कारागार प्रयागराज से महाकुंभ का दिव्य जल प्राप्त कर आज मंत्र उच्चारण के साथ सभी सभी कैदी को दिव्या स्नान मंत्र उच्चारण एवं कलश पूजन



के बाद कराया गया इससे सभी कैदी में उल्लास का माहौल है, अरुण प्रताप सिंह अतिरिक्त जौनपुर जिला अधीक्षक ने बताया कारागार लखनऊ के निर्देश के क्रम में जौनपुर में भी 909 कैदियों को मंत्र उच्चारण के बाद पवित्र गंगाजल से स्नान कराया गया।

# आल इंडिया जमीयतुल कुरैश ने चौधरी आले उमर कुरैशी की याद में किया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। चौधरी आले उमर कुरैशी साहब जिन्होंने इकरा मिशन स्कूल के फांउडर व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमियत उलमा जिला लखनऊ व महासचिव ऑल इंडिया जमियतुल कुरैशी उ.प्र. के रुप में लम्बे समय तक समाज सेवा की।उनका पहला सालाना प्रोग्राम दिनांक 20 फरवरी 2025, दिन बृहस्पतिवार दोपहर 02:00 बजे होटल मेजबान में आल इंडिया जमियतुल कुरैश एवं उ.प्र. जमियत उलेमा जिला लखनऊ द्वारा आयोजित किया गया।जिसमें मरहूम अल्हाज चौधरी आले उमर कुरैशी साहब के जीवन, व्यक्तिव व सामाजिक उपलब्धियों पर उनके पुराने साथियों और गणमान्य अतिथियों ने प्रकाश डाला। जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष–आल इंडिया जमियतुल कुरेश के संरक्षक सिराजुद्दीन कुरैशी, मुख्य अतिथि– प्रो.रीता बहुगुणा जोशी पूर्व सांसद व पूर्व कैबिनेट मंत्री उ.प्र. उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता– मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली इमाम ईदगाह व चेयरमैन इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने की।सभी वक्ताओं ने चौधरी आले उमर कुरैशी को याद करते हुए एक नायाब शख्सियत का मालिक बताया। इल्म के क्षेत्र में भी उनका योगदान सराहनीय है।वक्ताओं ने कहा कि कौम और मुल्क की सेवा



के लिए चौधरी साहब को हमेशा याद किया जाएगा।रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि चौधरी आले उमर कुरैशी मेरे भाई के जैसे थे,उन्होनें मुझसे हमेशा कौम और समाज की बेहतरी के लिए माँगे रखी और हमने उसको यथासम्भव पूरा किया।हम हमेशा आपके परिवार के साथ खड़े रहेंगे।कार्यक्रम का कुशल संचालन अब्दुल कुबुल हाशमी द्वारा किया गया।हाफिज मोहम्मद दानिश द्वारा तिलावते कुरान पेश की गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से हाजी फजलुर्रहमान कुरैशी,

हाजी युसूफ कुरैशी एडवोकेट,

प्रदेश अध्यक्ष आल इंडिया जमियतुल कुरैश उ.प्र.,मौलाना कौशर नदवी उपाध्यक्ष–जमियत उलेमा जिला–लखनऊ, शराबबंदी संगठन के अध्यक्ष मुर्तजा अली,इरफान मियाँ फिरनगी महली,हिना ट्रैवल के मोइनुद्दीन इमरान कुरेशी, युसूफ कुरैशी, कांग्रेस नेता मारूफ खान,उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक रिजवान अहमद, आरिफ ज्वेलर्स के प्रोपराइटर, इसराइल कुरैशी, मोमिन अंसार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकरम अन्सारी,अनीस मंसूरी, मेजबान होटल के मालिक डॉक्टर रईस खान, उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के चेयरमैन अजीज सिद्दीकी, महामंत्री अब्दुल वहीद,अंबर फाउंडेशन के वफा अब्बास, अदनान कुरैशी, दिलशाद कुरैशी, सलीम अख्तर, अलीम, उमर शरीफ, तस्लीम, मुख्तार अहमद,

डॉक्टर सईदुल हसन,

सरफराज जाहिद, नीतू जैन,

सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।चौधरी शादाब कुरैशी महासचिव–आल इंडिया जमियतुल कुरैश उ.प्र. ने आये हुये अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत – सम्मान किया और उनको अपना कीमती वक्त देने के लिए आभार व्यक्त किया।

# एडवोकेट एक्ट मे हुए संशोधन से नाराज अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन

ब्यूरो सुलतानपुर

सुलतानपुर । एडवोकेट एक्ट में हुए संशोधन के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष एकत्र हुए अधिवक्ता उठाई गई अधिवक्ता के पूरे परिवार को एडवोकेट एक्ट का प्रावधान देने लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत बनाए रखने, 10 लाख का मेडिकल क्लेम देने और अधिवक्ता की मृत्यु पर बीमा की धनराशि देने तथा नियम बनाने का अधिकार जो पूर्व में एडवोकेट एक्ट में था उसे बहाल करने पंजीकरण के समय की धनराशि 500 वापस किए जाने समेत अन्य मांगें। बार अध्यक्ष रणजीत सिंह और महासचिव रमाशंकर पांडेय की मौजूदगी में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ला को दिया गया ज्ञापन।

# आर्थिक आय मे वृद्धि मे लिए अच्छी नश्ल के गोवंशो का करे पालन पशु पालक – डाक्टर इंद्रदेव

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।जिले मे अच्छी सी अच्छी नस्ल वाली गायों को पालने के लिए पशुपालन विभाग पशुपालकों को अधिक से अधिक संख्या में प्रेरित करेगी।जिससे पशुपालकों के आर्थिक स्थिति मे वृद्धि हो।यह बातें नवागत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इंद्रदेव माहर ने कार्य बाहर ग्रहण करने के बाद अपने प्रमुख प्राथमिकता में बताई।लखीमपुर से स्थानांतरित होकर अयोध्या



जनपद में आये मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इंद्रदेव ने बताया कि जब पशुपालक उच्च नस्ल और अच्छे किस्म वाली कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से गायों का पालन करेंगे,तो उससे उत्पन्न होने वाली दुग्ध के विक्रय से पशुपालकों की आर्थिक आय में बढ़ोतरी होगी। बताया कि जिले में गोवंश संरक्षण के लिए कई आवश्यक लाभकारी कम विभाग द्वारा उठाए जाएंगे।वही उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही अति महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल मिनी नंदिनी योजना की योजना का अभी लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले।उन्होंने बताया कि लोग अधिक से अधिक गोवंशों का पालन करें इसके लिए लोगों को बीच–बीच में कैंप या अन्य माध्यमों से जागरूक किया जाएगा। वही गोवंश संरक्षकों के लिए शान द्वारा जिले के मवई,मसौधा व मिल्कीपुर में निर्माणाधीन चार केंद्र शीघ्र से शीघ्र बनकर तैयार हो जाएंगे। बताते चलें इससे पहले यहां पर रहे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी यस यम प्रसाद का तबादला लखनऊ मुख्यालय के लिए हो गया।

# फैशन शो में दिखा शाही इंडियन और फ्यूजन का जलवा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। लखनऊ टाइम्स फैशन वीक 2025 का भव्य समापन फैशन, ग्लैमर और पारंपरिक सुंदरता के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस फैशन वीक ने उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक रुझानों और डिजाइनर प्रतिभाओं का उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित डिजाइनर्स ने अपने ब्राइडल, एथनिक, इंडो–वेस्टर्न और हाई–फैशन कलेक्शन्स प्रस्तुत किए। लोकप्रिय अभिनेत्री सलोनी बत्रा, प्लेबैक सिंगर मधुश्री भट्टाचार्य और टेलीविजन कलाकार दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया इस फैशन वीक के शोस्टॉपर रहे। उनकी मौजूदगी ने पूरे शो को और भी शानदार बना दिया। फैशन शो में एमिटी यूनिवर्सिटी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी और डिजाइन गेटवे के छात्रों द्वारा खूबसूरत डिजाइंस प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा युवाओं में खादी के क्रेज को देखते हुए यूपी खादी बोर्ड द्वारा एएमए हर्बल के सहयोग से विभिन्न खादी डिजाइन तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन और द सेंट्रम के सहयोग से सूता के मिलकर आकर्षक डिजाइन प्रस्तुत किए गए। फैशन शो में अदिति जग्गी रस्तोगी, पल्लवी जयपुर, नवीन कुमार, प्रशांत मजूमदार, ज्योतिका मीरपुरी अरोड़ी, रोमा, सुमित दास गुप्ता और अर्चना कोचर के खूबसूरत डिजाइंस को लोगों ने खूब सराहा। इस फैशन वीक में कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें अध्यक्ष, प्रसार भारती, श्री नवनीत सहगल, प्रसिद्ध भजन सम्राट और गायक पद्मश्री अनूप जलोटा, फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर श्री संजीव सरीन, एएमए हर्बल ग्रुप के सह–संस्थापक और सीईओ श्री यावर अली शाह, सरस्वती हॉस्पिटल के प्रेसिडेंट डॉ. रजत माथुर कई फैशन इंडस्ट्री के प्रमुख व्यक्ति और डिजाइनर्स शामिल थे।

श्री संजीव सरीन ने कहा, ष्लखनऊ टाइम्स फैशन वीक सिर्फ नेटवर्किंग का मंच नहीं है, बल्कि यह जानने का एक अवसर भी है कि उत्तर प्रदेश में फैशन का कितना विकास हो रहा है। यह आयोजन मॉल में भी हो सकता है, जो शहर की फैशन इंडस्ट्री के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।ष

श्री यावर अली शाह ने कहा, ष्लखनऊ टाइम्स ने हमें एक अविश्वसनीय अवसर दिया है, जिससे हम अपने प्राकृतिक रंगों से बने उत्पादों को प्रदर्शित कर सकें। यह मंच उत्तर प्रदेश के उत्कृष्ट कारीगरों और उनके हस्तशिल्प की खूबसूरती को पूरे भारत और दुनिया के सामने लाने का एक बेहतरीन जरिया है। इस अद्भुत आयोजन को सफल बनाने के लिए हम टाइम्स ऑफ इंडिया के आभारी हैं। श्री अभिजीत सरकार ने कहा, ष्लखनऊ टाइम्स फैशन वीक ने न केवल फैशन बल्कि आभूषणों की भव्यता को भी शानदार तरीके से प्रदर्शित किया। हमारा मानना है कि पारंपरिक भारतीय आभूषणों का आधुनिक फैशन के साथ मेल एक नई स्टाइल स्टेटमेंट स्थापित करता है। इस फैशन वीक में विभिन्न नामचीन डिजाइनर्स के कलेक्शन प्रदर्शित किए गए, जिनमें ब्राइडल कलेक्शन की शानदार ड्रेसेज शामिल रहीं। इंडो–वेस्टर्न कलेक्शन में पारंपरिक कपड़ों के साथ मॉडर्न सिलुएट का मेल देखने को मिला। एथनिक वेयर में क्लासिक इंडियन ड्रेसेज के शाही अंदाज ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया, जबकि फ्यूजन वियर में ट्रेडिशनल टच के साथ समकालीन डिजाइंस का बेहतरीन संगम देखने को मिला। लखनऊ टाइम्स फैशन वीक 2025 ने फैशन की दुनिया में लखनऊ को एक नई पहचान दी है। यह आयोजन केवल कपड़ों और ट्रेंड्स का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि यह शहर के बढ़ते फैशन उद्योग, कारीगरों और नवोदित डिजाइनर्स को एक बड़ा मंच देने का अवसर भी था। यह भव्य आयोजन आने वाले वर्षों में भी प्रेरणा बना रहेगा।

# यू पी बोर्ड परीक्षा 2025 हेतु मण्डलीय सचल दल गठित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ।माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित की जाने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष–2025 के संचालन व्यवस्था के प्रभावी अनुश्रवण के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ मण्डल डॉ0 प्रदीप कुमार ने चार मण्डलीय सचल दल का गठन कर दिया है,। संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल कार्यालय के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ०दिनेश कुमार ने बताया कि प्रथम दल के प्रभारी स्वयं संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ०प्रदीप कुमार होंगे दूसरे सचल दल की प्रभारी उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ मण्डल रेखा दिवाकर तीसरे दल के प्रभारी मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ मण्डल श्याम किशोर तिवारी व चौथे मण्डलीय सचल दल के प्रभारी मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल डॉ0दिनेश कुमार होंगे। दिनांक 24 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 तक होने वाली बोर्ड परीक्षा में ये सचल दल जे डी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार के निर्देश पर लखनऊ मण्डल के 6 जनपदों लखीमपुर खीरी,सीतापुर, उन्नाव,रायबरेली, हरदोई, व लखनऊ जनपद के परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षक कर शासन की मंशा के अनुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न करवाने में सहयोग करेंगे। प्रत्येक सचल दल में एक दल प्रभारी के साथ दो पुरुष व दो महिला सदस्य रखे गए हैं।

## सड़कों पर उतरकर हजारों वकीलों का प्रदर्शन

गोण्डा(संवाददाता)। जिले में बार एसोसिएशन के नेतृत्व में हजारों अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ता अधिनियम 1961 में प्रस्तावित संशोधन का विरोध कर रहे वकीलों ने डीएम नेहा शर्मा को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधन को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। अधिवक्ताओं का मानना है कि इन संशोधनों से उनकी स्वतंत्रता प्रभावित होगी। उनका आरोप है कि यह प्रस्ताव वकीलों की निष्पक्ष आवाज को दबाने का प्रयास है। गोंडा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारत द्विवेदी ने कहा कि सरकार को संशोधन से पहले अधिवक्ताओं से विचार–विमर्श करना चाहिए।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार, 17 बाइक मिली

गोण्डा(संवाददाता)। जिले में मोटरसाइकिल चोरी की बढ़ती घटनाओं पर वजीरगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बब्बन यादव और विकास यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की 17 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। ये सभी बाइक देवीपाटन मंडल और गोंडा जिले के विभिन्न इलाकों से चुराई गई थीं। एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश पर चल रही कार्रवाई में वजीरगंज थाने की पुलिस ने देर रात दयानंद विद्यालय टिकरिया मोड तिराहे पर वाहनों की जांच के दौरान इन्हें पकड़ा है। चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग वजीरगंज की ओर आ रहे थे। पुलिस को देखते ही चारों भागने लगे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दो आरोपियों को पकड़ लिया जबकि दो मौके से फरार हो गए।

# संक्षिप्त खबरें

## पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ(संवाददाता)। मोहनलालगंज पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजकुमार ने मंगलवार को नशे की हालत में अपनी पत्नी कंचन की डंडे से पीट–पीटकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू की और आज उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतका के पिता कल्लू ने बताया कि उनकी बेटी कंचन का विवाह करीब 12 साल पहले राजकुमार से हुआ था। कल्लू रायबरेली जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुर नगर के रहने वाले हैं। आरोपी राजकुमार मोहनलालगंज के ग्राम आनंदपुर का निवासी है। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संपत्ति विवाद में महिला को बेघर करने की साजिश

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक महिला को संपत्ति विवाद के चलते बेघर करने की साजिश का मामला सामने आया है। थाना सआदतगंज के बीबीगंज इलाके में रहने वाली शाहिदा खातून नामक महिला का आरोप है कि शकील नामक व्यक्ति उनके घर पर कब्जा करना चाहता है। शाहिदा के पति की मृत्यु हो चुकी है और वह अपने घर में अकेली रहती हैं। उनकी संपत्ति पर शकील की नजर है, जो उन्हें कई दिनों से परेशान कर रहा है। शाहिदा ने इस मामले में स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शाहिदा का आरोप है कि शकील और उसके साथी गुंडागर्दी करते हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि शकील ने उनके घर में तोड़फोड़ की है और उनका सामान सड़क पर फेंक दिया है। शाहिदा का कहना है कि वह डरी हुई हैं और उन्हें अपनी जान का खतरा है। शाहिदा ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने कई बार पुलिस से शिकायत की है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। शाहिदा ने अब वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सआदतगंज पुलिस ने उनसे जबरन मकान खाली करवाने के लिए दस्तखत कराए हैं। परिवार के लोग 8 दिन से भटक रहे हैं और उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग शाहिदा के समर्थन में उतर आए हैं और उन्होंने शकील के खिलाफ प्रदर्शन किया है। लोगों का कहना है कि पुलिस को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और शाहिदा को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। यह मामला एक बार फिर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही प्रदेश में अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहे हों, लेकिन अपराधियों के हौसले अभी भी बुलंद हैं। इस घटना में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। शाहिदा ने कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठते हैं।

### दुराचार मामले में जेल में बंद कांग्रेस सांसद की जमानत

## कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश, राकेश राठौर की अर्जी पर सोमवार को होगी सुनवाई

लखनऊ(संवाददाता)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दुराचार के मामले में जेल में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने मामले को सोमवार को सुनवाई के लिए पहले नंबर पर रखा है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह सोमवार तक अपना जवाब दाखिल कर सकती है। न्यायालय सोमवार को सुबह बैठते ही सबसे पहले इस जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। राठौर की ओर से दायर नियमित जमानत याचिका पर न्यायालय ने यह आदेश सुनवाई के बाद पारित किया। इस मामले में अंतिम निर्णय सोमवार को आने की संभावना है।

## अपार्टमेंट में कब्जा, पार्क बने शराब पीने का अड्डे, एलडीए की जनता अदालत में फरियादी भड़के

लखनऊ लखनऊ एलडीए ऑफिस में गुरुवार को जनता अदालत का आयोजन हुआ। मौसम खराब होने के चलते शिकायतकर्ताओं की संख्या कम रही। लेकिन आए फरियादी काफी गुस्से में नजर आए। बोले– एलडीए सिर्फ अवैध टैक्स वसूली कर रहा है और व्यवस्था शून्य दे रहा है। एलडीए की इस अदालत में वीसी और सचिव पहुंचे ही नहीं। ऐसे में फरियादियों को सिर्फ आश्वासन देकर के वापस भेज दिया गया। एक शिकायतकर्ता महिला पार्क में अवैध कब्जे को लेकर अफसरों से भिड़ गई। महिला अफसरों की दखल से उनको शांत करवाकर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया।नेहरू एनक्लेव निवासी अंजू वार्ष्णेय ने बताया कुछ लोगों ने अपार्टमेंट में कब्जा कर लिया है। पार्क पर कब्जा कर उसको शराब पीने का अड्डा बना दिया है। विरोध करने पर झूठी एफआईआर दर्ज करवाने की धमकी दी जा रही है। इसकी एलडीए से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हर बार अफसर सिर्फ आश्वासन देकर वापस भेज देते हैं। अवैध कब्जेदारों ने पूरी कॉलोनी का माहौल खराब कर दिया है। किसान नेता राम प्रसाद लोधी ने बताया कि एलडीए सीतापुर रोड योजना में चबूतरों का आवंटन कर रही हैं। 177 चबूतरों के लिए 1400 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। अफसरों से मिल कर चबूतरों को उन्हीं किसानों को पहले आवंटन करने की मांग की है, जिनकी रसीदें पहले से एलडीए काट चुका है। इसके साथ ही किसानों की संख्या के हिसाब से चबूतरों की संख्या को बढ़ाने का ज्ञापन दिया है। सेक्टर एफ एलडीए कॉलोनी निवासी आर एस अहिरवार ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर फेज 2 में बच्चों के नाम पर एक प्रॉपर्टी है। उस पर घर बनवाने के लिए नक्शा पास करवाने के लिए 2021 में आवेदन किया था। चार साल बीत जाने के बाद भी अभी तक नक्शा पास नहीं हुआ है। 7 बार इसकी शिकायत कर चुका हूं लेकिन हर बार अफसर आश्वासन देकर वापस भेज देते हैं।

## हॉस्टल बाथरूम में कक्षा 5 के छात्र का शव मिला

लखनऊ(संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में मलिहाबाद स्थित सफा पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में कक्षा पांच के छात्र का शव फांसी से लटका मिला। छात्र की पहचान खान अल्तमस (15) के रूप में हुई। साथी छात्रों ने शव देखकर स्कूल प्रबंधन को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बस्ती के पैकुलिया का रहने वाला खान अल्तमस (15) का शव गुरुवार सुबह बाथरूम में लटकता मिला। इंस्पेक्टर मलिहाबाद के मुताबिक परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। परिजनों की शिकायत और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मलिहाबाद इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया कि छात्र तीन दिन पहले छत के रास्ते कुछ दोस्तों के साथ कूदकर सिगरेट पीने गया था। स्कूल प्रबंधन ने जानकारी होने पर उसको दोबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत दी थी। साथ ही परिजनों को सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद छात्र गुमसुम रहने लगा। आशंका है कि इसी के चलते उसने सुसाइड कर लिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूछताछ में साथियों ने बताया कि स्कूल में सिगरेट पीने की जानकारी होने के बाद से अल्तमस परेशान था।

# आईआईआईडी लखनऊ चौप्टर द्वारा सिंथेसिस-द डिज़ाइन वीक वास्तुकला और इंटीरियर उत्पाद प्रर्दशनी का होगा आयोजन

**21 से 24 फरवरी 2025 तक द डिज़ाइन वीक वास्तुकला और इंटीरियर उत्पाद प्रदर्शनी का होगा आयोजन**

लखनऊ (संवाददाता) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिज़ाइनर्स (आईआईआईडी) चौप्टर 'सिंथेसिस द डिज़ाइन वीक' वास्तुकला और इंटीरियर उत्पाद प्रर्दशनी का आयोजन करने जा रहा है, जो डिज़ाइन, वास्तुकला और नवाचार का एक पूर्व प्रतिष्ठित आयोजन है। आईआईआईडी इस कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय ख्याति एवं अग्रणी आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिज़ाइनर्स, शहरी योजनाकारों और उद्योग विशेषज्ञों को सतत और भविष्य केंद्रित डिज़ाइन समाधानों पर चर्चा करने के लिए एकसाथ लाएगा। आयोजित पत्रकार वार्ता में आईआईआईडी लखनऊ चौप्टर के चेयरपर्सन एवं आर्किटेक्ट प्रसंजित सान्याल ने बताया कि उन्नत निर्माण तकनीकों, विश्व स्तरीय निर्माण सामग्री और समाज के लिए लागत प्रभावी समाधानों के महत्व को उजागर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि डिज़ाइन वीक का एक अभिन्न हिस्सा इंटीरियर, आर्किटेक्चरल और बिल्डिंग मैटेरियल्स की प्रदर्शनी होगी, जो 21 से 24 फरवरी 2025 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित की जाएगी। उद्घाटन समारोह में आईआईआईडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्किटेक्ट जिग्नेश मोदी और अन्य प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम वास्तुकला पेशेवरों और छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है, जिसमें भारत भर से 500 से अधिक प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स भाग लेंगे। कार्यक्रम शहर के नवोदित आर्किटेक्ट एमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, बीबीडी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, एकेटीयू, फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग और आईटीएम कॉलेज के छात्रों के लिए आयोजित की जा रही। विशेष कार्यशालाओं और ज्ञान–साझाकरण सत्रों से उनको नवीनतम ट्रेंडस् की जानकारी मिलेगी। इस कार्यशाला में प्रमुख वास्तुकला संस्थानों के छात्र उद्योग विशेषज्ञों के साथ बातचीत कर सकेंगे। छात्र व्यावहारिक अनुभव व नवीन डिज़ाइन अवधारणाओं का अन्वेषण करेंगे। यह पहल अकादमिक और व्यावसायिक अभ्यास के बीच की खाई को पाटने का प्रयास है, जिससे छात्रों को वास्तुकला के बदलते परिदृश्य की बहुमूल्य जानकारी प्राप्त होगी। इसके अलावा, इस चार दिवसीय प्रदर्शनी में 60 से अधिक प्रमुख कंपनियाँ इंटीरियर, आर्किटेक्चरल और बिल्डिंग मैटेरियल्स में नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। गृहस्वामी और डिज़ाइन उत्साही भी इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे क्योंकि यह उन्हें गृह सज्जा और निर्माण प्रौद्योगिकी में नवीनतम रुझानों की जानकारी प्रदान करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेयरपर्सन आर्किटेक्ट प्रसंजित सान्याल, चेयरमैन–इलेक्ट आर्किटेक्ट अविरल अग्रवाल, कन्वेनर आर्किटेक्ट विशाल जैन, सचिव आर्किटेक्ट रोहित गुप्ता और कोषाध्यक्ष आर्किटेक्ट नीरज कुशवाहा शामिल थे।



# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का दावा, महिला अपराध में आई काफी कमी, मुठभेड़ में मारे गये 221 अपराधी

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बृहस्पतिवार को अपना बजट भाषण पेश करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ सरकार के सत्ता में आने के बाद से राज्य के विभिन्न जिलों में आपराधिक तत्वों को निशाना बनाकर चलाए गए अभियानों के दौरान कुल 221 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, जबकि 8,022 अन्य घायल हुए। उन्होंने कहा अपने पहले कार्यकाल की शुरुआत (2017) में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ऐसा राज्य विरासत में मिला जो भयावह कानून–व्यवस्था की स्थिति से जूझ रहा था, जिसमें बड़े पैमाने पर आपराधिक गतिविधियां और माफिया राज था। शांति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध सरकार ने अपराध के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई और पूरे राज्य में अपराधियों, गैंगस्टरों और माफिया गुर्गों के खिलाफ चौतरफा अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि 20 मार्च, 2017 से 23 जनवरी, 2025 के बीच कुख्यात अपराधियों पर सरकार की कार्रवाई से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2017 से राज्य के विभिन्न जिलों में आपराधिक तत्वों को लक्षित करने वाले अभियानों के दौरान कुल 221 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, जबकि 8,022 अन्य घायल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 68 पहचाने गए माफिया के खिलाफ प्रभावी ढंग से मुकदमे की पैरवी की जिससे 73 मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित की गई। उन्होंने कहा कि इनमें से 31 माफिया को जुर्माने के साथ आजीवन कारावास या कठोर कारावास की सजा सुनाई गई, जबकि दो को मृत्युदंड दिया गया। महिलाओं और नाबालिगों के खिलाफ अपराध के क्षेत्र में कुल 27,425 मामले दर्ज किए गए। खन्ना ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत 11,254 मामले दर्ज किए गए और 3,775 दहेज हत्या के मामलों का समाधान किया गया, जिससे पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित हुआ। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से निपटने में राज्य के प्रयास भी उल्लेखनीय रहे हैं, जिसमें 13,83,232 मोबाइल नंबरों को ब्लॉक किया गया, जिससे उत्तर प्रदेश ऐसे उपाय करने के लिहाज से देश में शीर्ष पर रहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 31 दिसंबर 2024 के बीच दर्ज 77,210 मामलों में से 66,475 मामलों का निपटारा किया गया। इसके अतिरिक्त, 43,202 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई और जांच के दौरान 320.89 करोड़ रुपये की राशि बरामद की गई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के फोरेंसिक बुनियादी ढांचे में भी विस्तार हुआ है। 2017 से पहले राज्य में केवल चार फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं थीं। उन्होंने कहा कि तब से आठ नई फोरेंसिक प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं और अयोध्या, बस्ती, बांदा, आजमगढ़, मिर्जापुर और सहारनपुर सहित छह और जिलों में इसकी स्थापना का काम चल रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि सभी 74 जेलों और जिला न्यायालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंस की सुविधा मुहैया कराई गई है और जेलों में लगभग 4,800 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध संचार को रोकने के लिए 24 जेलों में 3जी क्षमता वाले 271 मोबाइल फोन जैमर लगाए गए हैं। मंत्री ने कहा कि ये व्यापक उपाय उत्तर प्रदेश को अपने नागरिकों के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।



# प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या,परिजनों ने रोड किया जाम

लखनऊ(संवाददाता)। लखनऊ में प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार देर रात काकोरी थाना के बेहटा गांव में हुई। मृतक की पहचान 43 साल अंकित लोधी के रूप में हुई है। दरअसल, गांव में एक शादी में पहले दो गुटों में विवाद हुआ। इसी बात को लेकर कुछ देर बाद प्रापर्टी डीलर अंकित के जीजा ने उसे पान की दुकान पर बुलाया। यहां दूसरे गुट के बदमाशों ने गाली देते हुए फायर झोंक दिया। हमलावरों में 4 युवक शामिल थे। फायरिंग में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे ट्रॉमा सेंटर ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गुरुवार दोपहर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने नारायणपुर रोड जाम कर दिया। पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने बताया कि बेहटा गांव में बारात आई थी। बारात में शामिल कुछ युवक गांव के बाहर स्थित अबरार की पान की दुकान पर पान खाने आए थे। यहां पहले से मौजूद रामू से सिगरेट को लेकर विवाद हो गया। इस पर रामू ने अपने प्रापर्टी डीलर साले अंकित को मौके पर फोन कर बुलाया। अंकित के पहुंचते ही विवाद और बढ़ गया। इस बीच दूसरे गुट के 4 युवकों में से किसी ने एक अंकित पर पिस्टल से फायर कर दिया। गोली लगते ही अंकित जमीन पर गिर पड़ा। इससे पहले लोग कुछ समझ पाते आरोपी पिस्टल लहराते हुए मौके से फरार हो गए। रामू ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल को पुलिस की मदद से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। अंकित मां–बाप का इकलौता बेटा था। हत्या की खबर गांव में फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजन भी दौड़े आए। लोगों ने जेहटा रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। मृतक के बहनोई रामू ने मामले में सुमित कनौजिया ,गोलू यादव, ताऊवा यादव और अखिलेश यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दो टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। काकोरी के बेहटा गांव में गुरुवार को मृतक के घर पर लोगों की भारी भीड़ जमा है। नाते–रिश्तेदारों का आना–जाना लगा है। गांव में एहतियातन सुरक्षा बल तैनात किया गया है। बेहटा गांव में नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार दोपहर करीब पौने एक बजे नारायणपुर रोड जाम कर दिया। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश कर रही है। ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

## रेलवे टेक्नीशियन पर दहेज प्रताड़ना और धोखाधड़ी का आरोप

लखनऊ(संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के बिजनौर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने अपने पति पर दहेज उत्पीड़न और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। आरोपी उत्तर रेलवे के अंबाला छावनी स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में टेक्नीशियन पद पर तैनात है। पीड़िता रेनू वर्मा ने बताया कि उनकी शादी 7 जनवरी 2022 को लखनऊ के अलीगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में अमरेंद्र प्रसाद से हुई थी। शादी में उसके परिवार ने यथासंभव दहेज दिया। शादी के महज 15–20 दिन बाद से ही पति, सास और ननद ने चार पहिया वाहन की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि पति और ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। बीमार होने पर दवा नहीं दिलाते और भूखा रखते थे। करीब एक साल पहले अमरेंद्र उसे मारपीट कर सहारनपुर से लखनऊ छोड़ गए। तब से वह मायके में रह रही है। पीड़िता को बाद में पता चला कि उसके पति की पहले भी शादी हो चुकी है और उनकी 8 साल की एक बेटी भी है। यह बात शादी से पहले उससे छिपाई गई। अब पति उससे 20–25 लाख रुपए की मांग कर रहा है। बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षा मित्रों की पीड़ा पर योगी सरकार ने लगाया मरहम! बजट में आउटसोर्सिंग कर्मियों के पारिश्रमिक को बढ़ाया

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025–26 के प्रस्तावित बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। वहीं काफी लम्बे समय से शिक्षामित्रों की मानदेय को बढ़ाने को लेकर मांग की गई लेकिन सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया, लेकिन इस बजट में मानदेय बढ़ाने के बयाज सरकार ने मरम लगाने की कोशिश जरूर की है। क्योंकि विभिन्न सरकारी विभागों तथा निगमों आदि में आउटसोर्सिंग के आधार पर कार्यरत कार्मिकों के देय न्यूनतम पारिश्रमिक को 16 हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाएगा। यह पारिश्रमिक सीधे एकाउंट में मिल सके, यह सुनिश्चित किया जाएगा। आउटसोर्सिंग प्रक्रिया को सुनियोजित और पारदर्शी बनाने के उध्देश्य से सेवा निगम गठित किया जाएगा। हालांकि शिक्षामित्रों के मानदेय में सरकार ने कोई भी बढ़ोतरी नहीं की है, उन्हें केवल 10 हजार रुपये का मानदेय मिलता है। फिलहाल सरकार ने प्रदेश के सभी होमगार्डस, पी०आर०डी० जवान, ग्राम चौकीदार, शिक्षामित्र, बेसिक शिक्षा विभाग के अनुदेशक एवं मानदेय के आधार पर कार्य करने हेतु वाले कार्मिकों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत 05 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा का लाभ दिए जाने का ऐलान किया है। ऊर्जा क्षेत्र के लिये 61,070 करोड़ रुपये से अधिक का बजट बजट में व्यय की नई मदों हेतु 28 हजार 478 करोड़ 34 लाख रुपये का प्रावधान। अवस्थापना विकास के लिये 01 लाख 79 हजार 131 करोड़ 04 लाख रुपये प्रस्तावित। (कुल बजट का 22 प्रतिशत) इसमें ऊर्जा क्षेत्र के लिये 61,070 करोड़ रुपये से अधिक, सिंचाई के लिये 21,340 करोड़ रुपये से अधिक, भारी एवं मध्यम उद्योग के लिये लगभग 24 हजार करोड़ रुपये, नगर विकास के लिये 25,308 करोड़ रुपये से अधिक, आवास एवं शहरी नियोजन के लिये ।

# महाकुंभ संगम जल को लेकर घिरी योगी सरकार ,प्रशांत भूषण ने सीएम को दी चुनौती

लखनऊ(संवाददाता)। प्रयागराज महाकुंभ में संगम जल की गुणवत्ता को लेकर बड़ा सियासी हंगामा मचा हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में संगम के जल को 'नहाने योग्य नहीं' बताया गया है. दूसरी तरफ सीएम योगी ने जल को नहाने योग्य और साफ बता दिया। इस बीच सीनीयर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सीएम योगी को बड़ा चौलेंज किया है तो अब इस मामले पर अखिलेश यादव का रिएक्शन भी सामने आया है। प्रयागराज महाकुंभ में संगम जल की गुणवत्ता को लेकर बड़ा सियासी हंगामा मचा हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में संगम के जल को 'नहाने योग्य नहीं' बताया गया है। इसमें काफी प्रदूषण है. दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा कि संगम का जल पूरी तरह नहाने योग्य है. सीएम योगी ने विधानसभा में कहा, महाकुंभ में संगम का जल स्नान करने लायक भी है और आचमन के लायक भी है। संगम के जल में ऑक्सीजन की मात्रा 8 से 9 तक है। इस बीच अब सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सीएम योगी को चुनौती दी है कि अगर संगम का पानी पीने योग्य है तो वो इसे पीए एडवोकेट प्रशांत भूषण ने एक्स पर लिखा– मैं योगी और उनके मंत्रिमंडल को कुंभ में सार्वजनिक रूप से संगम का एक–एक गिलास पानी पीने की चुनौती देता हूं। वहीं अब इस पूरे मामले पर समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बयान सामने आया है। उन्होंने एक्स पर लिखा–केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को जब बताया तब ये समाचार प्रकाश में आया कि प्रयागराज में गंगा जी का 'जल मल संक्रमित' है। लखनऊ में सदन के पटल पर इस रिपोर्ट को झूठ साबित करते हुए कहा गया कि सब कुछ 'नियंत्रण' में है। दरअसल लखनऊवालों का मतलब था 'प्रदूषित पानी' के समाचार को फैलने से रोकने के लिए मीडिया पर नियंत्रण है। जनता पूछ रही है कि 'न्यायालय की अवमानना' की तरह किसी पर 'सरकारी बोर्ड या प्राधिकरण की अवमानना' का मुकदमा हो सकता है क्या? यूपीवाले पूछ रहे हैं रू दिल्ली–लखनऊ के बीच ये चल क्या रहा है? बता दें कि महाकुंभ में संगम के जल को लेकर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यानी यूपीपीसीबी की रिपोर्ट भी सामने आई थी। इसमें कहा गया था कि प्रयागराज महाकुंभ में गंगा का जल नहाने के लिए ठीक है लेकिन उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने ही सवाल खड़े कर दिए। एनजीटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ये रिपोर्ट लेटेस्ट नहीं है। एनजीटी का ये भी कहना था कि यूपी प्रदूषण बोर्ड की इस रिपोर्ट में पानी की गुणवत्ता से जुड़े सारे मापदंडों का भी जिक्र नहीं किया गया है। अब यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इसको लेकर नई रिपोर्ट जारी करेगा।

# उच्च शिक्षा के लिए ऐतिहासिक है बजट : योगेंद्र उपाध्याय

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट में उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए व्यापक वित्तीय प्रावधान किए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने इस बजट को प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह छात्रों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विकास में नई दिशा प्रदान करेगा।प्रदेश में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सशक्त करने के लिए प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के तहत 600 करोड़ रूपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इस राशि का उपयोग विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने और उच्च शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा।छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी शिक्षा में सहूलियत प्रदान करने के लिए रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना के अंतर्गत 400 करोड़ रूपए की धनराशि प्रस्तावित की गई है। इस योजना के तहत मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें आवागमन में सुविधा मिलेगी और वे उच्च शिक्षा के प्रति अधिक प्रेरित होंगी। प्रदेश के युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें उद्योगों के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के लिए 100 करोड़ रूपए की व्यवस्था की गई है। यह योजना युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने और उनके करियर को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी।शैक्षिक बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए विन्ध्यांचल धाम मंडल में माँ विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु 50 करोड़ रूपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए भी 50 करोड़ की धनराशि रखी गई है। राजकीय महाविद्यालयों के निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण करने के लिए 52 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षण संस्थान उपलब्ध हो सकें।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।